प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–16.06.2023 (311)

वर्ष 2023 के माह मई तक भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर की घुसपैठ करने वालों के विरुद्ध की गयी कार्रवाई

वर्ष 2023 के माह मई तक 11 राष्ट्रों के कुल 35 विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी बिहार राज्य से की गई। गिरफ्तार विदेशी नागरिक नेपाल, सुडान, म्यान्मार, रूस, चेक रिपब्लिक, तिब्बत (चीन), पूर्वी अर्फिका (युगाण्डा), उज़्बेकिस्तान, नाइजीरिया, बांगलादेश एवं संयुक्त राज्य अमेरिका के हैं। इन सभी विदेशी नागरिकों को विभिन्न अपराधों में संलिप्ता के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। इन गिरफ्तार 35 विदेशी नागरिकों पर दर्ज काण्ड अभी अनुसंधान अन्तर्गत है। गिरफ्तार किये गये सभी 35 विदेशी नागरिक न्यायिक हिरास्त में हैं।

अपराध की प्रकृति के आधार पर गिरफ्तार विदेशी नागरिकों की संख्या

अपराध की प्रकृति	भारत नेपाल सीमा से अवैध प्रवेश	सोना की तस्करी	मद्यनिषेध	एन0डी0पी0एस0 एवं मद्यनिषेध	अवैध मुद्रा	अवैध आग्नेयास्त्र	चोरी गयी सम्पत्ति को छिपाने हेतु (414 भा0द0वि0)	कुल गिरफ्तार विदेशी नागरिक
गिरफ्तार नागरिकों की संख्या	**20**	**06**	**04**	**01**	**01**	**01**	**02**	**35**

XXXXXXXXX